बसनिया बांध के विरोध विरोध में विस्थापित

31 गांव होंगे विस्थापित, ग्रामीण छोड़ने को तैयार नहीं पुश्तैनी जमीन

मंडला, देशबन्धु। शासन की मनसा अनुसार सिंचाई और बिजली उत्पादन की दृष्टि से लाभ पहुंचने बसनिया डेम बनाने की कोशिश है .. जिस पर शासन के द्वारा मंडला जिले के निवास तहसील मे नर्मदा के डूब क्षेत्र मे नर्मदा नदी के करीब स्थापित गावो को वहा से हटाकर यथोचित मुआवजा देकर विस्थापित करना है।

बसनिया डेम बनाने 31 गाँव प्रभावित होंगे जिसमें मंडला जिले के 18 और 13 गाँव डिंडोरी जिले के है .. जहाँ के निवास क्षेत्र मे 18 गाँव है जहाँ इस डेम का विरोध लगातार जारी है ..अधिकतर गाँव इस डेम के बनने पर विरोध प्रदर्शन कर रहे है ... ओढारी गाँव के हालात जमीनी स्तर पर जाने ..ज्यादातर लोग आदिवासी समुदाय के लोग रहते है जो की कृषि पर ही निर्भर है और कृषि के अलावा कोई भी संसाधन मौजूद नहीं है ..परिवार का पालन पोषण का जरिया भी केवल खेती है ..2022 से जैसे ही लोगो

को पता चला की डेम की स्वीकृति सरकार द्वारा आला अधिकारियों और जिले के प्रमुख लोगो को दे दी गई है ..लोगो मे आक्रोश उस वक्त से बढ़ गया ..उन्होंने उसी समय से अपने गाँव के अंदर आने वाले अधिकारी ,ठेकेदार और सर्वेयर को आना प्रतिबंधित कर दिया और इसी एवज मे औराडी गाँव मे आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिये एक लाल अक्षरों से एक बोर्ड लगा दिया ..जिसमें बगेर अनुमति प्रवेश निषेध है। ग्रामीणों का कहना है की यह जमीन हमारी पुश्तेनी जमीन है यह हमारे पुरखों की जमीन है .. जिसे हम कभी नहीं छोडेंगे भले ही हम शहीद हो जाए ..। औराडी क्षेत्र का दौरा किया जहाँ अधिकतर आदिवासी लोग ही निवास करते है और किसानों के पास डेढ़ से दो ही एकड़ जमीन है किसान इसी जमीन से अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे है ..किसान अपनी जल जंगल जमीन को नहीं छोड़ना चाहते। प्रेमलाल ने बताया कि मध्यप्रदेश के नर्मदा घाटी मे 29 बांधों की श्रंखला मे बसनिया बांध भी है ..इस बांध से 8780 हेक्टयर भूमि मे सिंचाई और 100 मेगावाट जल विधुत उत्पादन का लक्ष्य है ..बांध बनाने का उददेश् किसानों को फायदा पहुंचाना है लेकिन डूब क्षेत्र मे आने वाले गाँव के लोग डेम नहीं बनने दे रहे ..वहीं नर्मदा घाटी परियोजना के कार्यपालन यंत्री का कहना है कुछ जगह का सर्वे कार्य कर लिया गया लेकिन ओढारी और कुछ गांवों का सर्वे कार्य नहीं किया गया ..लोग सर्वे कार्य नहीं करने दे रहे ..अधिकारी ने बताया हमें और हमारी टीम को बंधक भी बनाया जा चुका है

जिला जेल में बंदी से मारपीट की खबर भ्रामक

मंडला, देशबन्धु। जिला जेल मे एक बंदी से मारपीट मामला एक भ्रामक खबर थी इसकी पुष्टि जेल अधीक्षक और बंदी की बहन ने की ..खम्बे से टकराकर बंदी को हल्की चोट लगी थी जिसे डॉक्टर के उपचार के बाद ठीक कर लिया गया। एक मामले मे एक बंदी जो की जिला जेल मे बंद है ..जिला जेल से एक फोन जब बंदी की बहन के पास पहुंचा की तुम्हारे भाई को किसी कर्मी द्वारा मारपीट की गई है जिस पर बंदी को अत्यधिक चोट लगी है ..जिस पर बहन भाई से मिलने जेल पहुंच गई ..लेकिन उसें नहीं मिलने दिया गया। जिस पर बहन को अधीक्षक द्वारा शाम को मिलने बोला गया ..जिस पर यह मामला अत्यधिक गरमा गया ..आरोप प्रत्यारोप का दौर चालू हुआ अधीक्षक पर आरोप भी लगने लगे। लेकिन जैसे ही शाम हुई बहन की मुलाकात जब अपने बंदी भाई से हुई तो वह बिल्कुल ठीक था

..भाई ने बताया की वह खंबे से टकराया जिससे उसें मामूली चोट लगी है ..बहन ने कहा की मुझे भ्रामक जानकारी दी गई थी। जेल अधीक्षक ने बताया कि सफाई कर्मी और प्रहरी के बीच काफी समय से विवाद होता चला आ रहा ..दो दिनों पहले भी विवाद हुआ जिस पर बंदी से भी बहस हुई उस दौरान बंदी पलटा और खंबे से टकराया जिससे उसें ओठों पर चोट लगी। वहीं उन्होंने कहा की जिला जेल मे पदस्थ कुछ कर्मियों द्वारा दूरभाष से भ्रामक खबर बंदी के बहन को दी गई जिस पर कार्यवाही सुनिश्चित है। बंदी की बहन नगर पालिका मंडला मे पदस्थ है जिसे लेकर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष प्रकाष ठाकुर ने अपने सह कर्मी की मदद की और बंदी की हालत जानने जेल अधिक्षक से मिले जिस पर बंदी से बहन को शाम को मिलवाया गया जिस पर बंदी की बहन को संतुष्टि मिली।

सार-समाचार

खडी कार का टायर चोरी करने वाले को बम्हनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

मंडला, देशबन्धु। प्रार्थी अंकित पिता राजेश यादव निवासी बार्ड नं. 06 बम्हनी का थाना बम्हनी में रिपोर्ट लेख कराया था की अपनी कार कं. डच20ब्ळ 2686 आई-20 को सुधार कार्य के लिए बम्हनी स्थित पदुम्न भांवरे की गैरेज में दिया था जिसका दिनांक 15.11.2024 को कार के सामने की बाये तरफका एक टायर रिंग सहित जिसकी कीमत 10,000 रूपये है कोई अज्ञात चोर चोरी कर लिया प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बम्हनी में अज्ञात आरोपी के विरुध्द अपराध धारा 303(2) कायम कर चोरी गये टायर व अज्ञात आरोपी की तलास पता साजी हेतु वरिष्ट अधिकारीगणो के निर्देशन पर थाना प्रभारी निरी. प्रदीप पांडेय थाना बम्हनी के द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर चोरी की वारदातो पर अंकुश लगाने एव चोर की तलास पता हेतु थाना टीम के साथ सघन गस्त व चौकिंग के दौरान दिनांक 21.11.2024 को हर्ष पिता संतोष विश्वकर्मा 20 वर्ष निवासी चिरईडोगरी की कार में चोरी गये टायर मय रिंग के मिलने पर पुछताछ कर हर्ष विश्वकर्मा द्वारा चोरी की घटना स्वीकार करना बलाने पर आरोपी से वाहन एवं चोरी गया टायर मय रिंग के जप्त किया गया है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बम्हनी निरीक्षक प्रदीप पांडेय, उप.निरी. जंयत पिछौडे, प्र.आर. सचिन, आर. तेवेन्द्र, आर. कुनाल, आर. चालक नवीन, महित्रा आर. श्रध्दा की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

स्वर्ण कवच अभियान अंतर्गत सेम बच्चों को स्वर्णप्राशन की औषधि दी

मंडला, देशबन्धु। जिला आयुष अधिकारी डॉ. गायत्री अहाके ने बताया कि शुक्रवार को कलेक्टर के मार्गदर्शन से आयुष विभाग के द्वारा कुपोषण से निवारण के लिए नवाचार स्वर्ण कवच अभियान के अंतर्गत तृतीय चरण में 9 ब्लॉक में 32 क्लस्टर बनाकर सेम बच्चों को स्वर्णप्राशन की आयुर्वेद औषधि दी गई।

बाघ ने जगाया रात भर, अब उसे सोन कुत्तों से बचाने को जाग रहे वनकर्मी

डिंडोरी, देशबन्धु। वन परिक्षेत्र दक्षिण समनापुर अंतर्गत वन ग्राम रंजरा में बाघ कार मूवमेंट बना हुआ है। बुधवार की सुबह बछड़े और सुअर के शिकार के बाद देर शाम बाघ बस्ती के आस-पास देखा गया। ग्रामीणों के रतजगा करने और रातभर मांदर सहित अन्य तरीकों से आवाज करने से बाघ मवेशियों को निवाला बनाने में कामयाब नहीं हो पाया। गुरुवार की सुबह एक ग्रामीण के सुअर बाड़ा के पीछे बाघ के पंजों के निशान मिले हैं। इसे देखकर यह कयास लगाए जा रहे हैं कि पूरी रात बाघ का मूवमेंट बस्ती के आस-पास ही बना रहा है।

बताया जा रहा है कि मवई के जंगलों में सोन कुत्तों के झुंड के खदेड़े जाने से बाघ थका हुआ है और वापस कान्हा जाने में असहज महसूस कर रहा है। वन अधिकारियों ने भी इसपर सहमति जताई है। बताया जा रहा है कि दक्षिण समनापुर के जंगलों के बीच मवई का घना जंगल है। इस जंगल में सोन कुत्तों की बहुलता है। बाघ की सुरक्षा और क्षेत्र में सतर्कता बरतने आठ-आठ घंटों की पाली में वन अमला और वन रक्षा समिति सदस्य निगरानी कर रहे हैं। बाघ की निगरानी और पुख्ता जानकारी जुटाने वन विभाग शिकार वाले क्षेत्र में ट्रेप कैमरा लगाने की कार्ययोजना बना रहा है। इन कैमरों की मदद से बाघ की पुख्ता उम्र, सेहत, आदतें और अन्य जानकारी जुटाने में मदद मिलेगी। फिलहाल पग मार्क के सहारे ही वन विभाग बाघ की संभावित जानकारी जुटा रहा है। रेंजर रेवा सिंह ने बताया कि बुधवार की रात बाघ बस्ती में चहलकदमी करता रहा। सुरक्षा के नाते ग्रामीण पूरी रात जागरण करते रहे और मांदर के साथ अन्य यंत्रों से आवाज करते रहे। इंसानी दखल के चलते बाघ मवेशियों का शिकार नहीं कर पाया। पिछले तीन दिनों में बाघ ने बछड़े और सुअर का ही शिकार किया है। बाघ छोटे जानवरों को ही शिकार बना रहा है। दूसरी तरफ वन परिक्षेत्र पश्चिम करंजिया के जंगलों में पिछले एक सप्ताह से घूम रहा चार हाथियों का झुंड गुरुवार को बजाग रेंज के नजदीक ठाठपथरा और चकरार के वन क्षेत्र में पहुंच गया है।

घर में रखी अवैध शराब पकड़ी, दो गिरफ्तार

मंडला, देशबन्धु। जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी रामजी पाण्डेय के मार्गदर्शन में आबकारी टीम द्वारा छापामार कार्यवाही जारी रखते हुए दिनांक 21.11.2024 की दरमियानी रात मण्डला शहरी क्षेत्र में गश्त के दौरान ग्राम बड़ी खैरी. मुश्ताक कॉलोनी थाना मण्डला स्थित मकान में अवैध रूप से संग्रहित विदेशी मदिरा गोवा व्हिस्की की 10 पेटी, एम.डी.नं.1 रम की 10 पेटी, जीनियस व्हिस्की की 02 पेटी एवं ओल्डमंक रम की 01 पेटी कुल 203.76 लीटर अवैध विदेशी मदिरा बरामद की गयी। मौके पर मकान में संग्रहित विदेशी मदिरा के साथ शिवम मसराम ग्राम हिरदेनगर तथा पवन वाटिया ग्राम केरेगांव, जिला मण्डला उपस्थित पाये

गये। अवैध रूप से संग्रहित करने वाले उक्त दोनों आरोपियों के विरूद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) के अन्तर्गत न्यायालयीन मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायायिक अभिरक्षा हेतु जेल भेजा गया है।

उक्त कार्यवाही में आबकारी बल के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल रहे। जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कड़ी नजर रखते हुए अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन व विक्रय की रोकथाम हेतु निरंतर गश्त एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही जारी रहेगी।

आकाशीय बिजली गिरने से घायल व्यक्तियों को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

मंडला, देशबन्धु। कलेक्टर के आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घुघरी द्वारा आवेदक विजय कुमार धुर्वे ग्राम डूडादेह निवासी की पत्नि कमलवती पर आकाशीय बिजली गिरने से घायल हो जाने के कारण आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार खेत में रोपा लगाते समय अचानक आकाशीय बिजली गिरने से कमलवती के गर्भ में बच्चे की मृत्यु हो गई थी। पीड़ित व्यक्ति विजय धुर्वे एवं कमलवती को 16-16 हजार रूपए प्रति व्यक्ति के मान से कुल 32000 रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत किया गया है।

स्वरोजगार योजना के लिए आवेदन पत्र ऑनलाइन आमंत्रित

मंडला, देशबन्धु। शाखा प्रबंधक म.प्र. आदिवासी वित एवं विकास निगम ने बताया कि भगवान बिरसा मुण्डा स्वरोजगार योजना में 40 इकाई का लक्ष्य निगम शाखा मण्डला को प्राप्त हुआ है।

सेवा/व्यवसाय हेतु एक लाख से 25 लाख रू दिया जाने का प्रावधान है। बैंक द्वारा स्वीकृत/वितरित ऋण राशि पर निगम द्वारा प्रतिवर्ष 5 प्रतिशत की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 7 वर्षों तक नियमित रूप से भुगतान किया जायेगा।

आवेदक का आवेदन पत्र एमपी ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। आवेदन पत्र पोर्टल पर कर सकते हैं। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आदिवासी आवेदक के पास दस्तावेजों में दो फोटो, 8वी उत्तीर्ण की मार्कशीट, स्थाई जाति, मूल निवासी, आय प्रमाण पत्र 12 लाख से कम, आयु 18 से 45 के बीच, आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैंक पासबुक, कोटेशन, सी.ए. की प्रोजेक्ट रिर्पोट जहां उचित है। इच्छुक आदिवासी आवेदक विस्तृत जानकारी प्राप्त करने हेतु कार्यालय मप्र आदिवासी वित एवं विकास निगम मण्डला से सम्पर्क कर सकते हैं।

पिछला पहिया निकलने से पलटी छात्रों की कार, आठ घायल

दमोह, देशबन्धु। सागर स्टेट हाईवे पर देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बांसातारखेड़ा के पास गुरुवार की रात छात्रों की कार अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। कार सवार सभी लोग डॉ. हरीसिंह गौर विवि में आयोजित कार्यक्रम से वापस आ रहे थे। हादसे में कार में सवार आठ छात्रों और चार शिक्षिकाओं को चोटें आई, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार, दमोह के टाइम्स कॉलेज के छात्र सागर के डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने के लिए गए थे। वहां से देर शाम तूफान गाड़ी से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान स्पीड ब्रेकर से निकलते ही गाड़ी का पिछला पहिया निकल गया, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई।

सूचना मिलते ही पुलिस और कॉलेज स्टाफ मौके पर पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल लेकर आए। घायलों में अजय मिश्रा, हसनैन अंसारी, अफजल कुरैशी, ओम पांडे, हिमांशु पाठक, फैजान खान, राम उपाध्याय, देवांश चौबे के अलावा चार शिक्षिकाओं को मामूली चोटें आईं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद देर रात घर रवाना किया गया। घटना के बाद आरोपी चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गनीमत रही कि छात्रों को गंभीर चोटें नहीं आई क्योंकि कार सड़क से नीचे पलट गई थी।

भगनवारा बांध बदहाल, नहर से रिसता पानी

खेतों में भरा पानी, रबी की फसल को नुकसान

डिंडोरी, देशबन्धु। अमरपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत खरगहना का भगनवारा बांध बदहाल है। जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही की वजह से करोड़ों रुपए का बांध फूटने की कगार पर है। बांध की नहर के ऊपरी हिस्से से लगातार तेजी से पानी का रिसाव हो रहा है और खेतों में पानी भर रहा है। इससे अन्नदाता परेशान हैं,लेकिन जिम्मेदार अनजान हाथ पर हाथ धरे बैठे हुए हैं। आखिर क्यों?

मजे की बात यह कि विभाग के अधिकारियों के द्वारा बांध को सुधारने के बजाय नहर को कांक्रीट करने में लगे हुए है। सवाल यह है कि जब बांध में ही पानी नहीं रहेगा तो नहर में लाखो रू. खर्च करने का क्या

फायदा? मामले पर जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों को इससे कोई लेना देना नहीं हैकि अन्नदाता को हानि हो या लाभ।

ग्रामीणों ने बताया कि बांध से नहर में पानी छोड़ने वाले द्वार का गेट बंद होने के बाद भी पानी तेजी से निकल रहा है। बताया गया कि बांध से पानी निकलते लगभग दो-तीन साल हो गये। लगातार पानी बहुत तेजी से निकल रहा है। तेजी से पानी निकलने के कारण बांध की मिट्टी का कटाव हो रहा है। इससे अंदर खोखला हो गया है। अगर समय रहते जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा बांध का सुधार नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ी हादसा हो सकता है।

ग्रामीणों ने बताया कि पानी रिसाव के कारण दो माह बाद बांध से पूरा पानी खाली हो जायेगा। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग के द्वारा उक्त बांध को यदि समय रहते नहीं सुधारा गया तो आने वाले समय में फूट सकती है,जिससे गांवों में काफी नुकसान होगा।

बांध से निकलने वाला पानी बांध के किनारे बने किसानों के खेतों में जा रहा है। इससे खेतों में पानी भर रहा है। वहीं नहर से दूर तक पानी भी नहीं जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इन दिनों गेंहू, मसूर समेत अन्य फसलों की बुवाई का समय है, लेकिन खेतों में पानी भरने के कारण जुताई नहीं बन रही है। इससे रबी की फसल प्रभावित हो रही है।

शादी की जिद करने पर प्रेमी ने ही की थी हत्या

चौकी टाटरी अंतर्गत बुड़बुड़ी नाले में महिला का शव मिला था, आरोपी गिरफ्तार

मंडला, देशबन्धु। चौकी टाटरी क्षेत्रांतर्गत बुड़बुड़ी नाला के सहायक नाला में एक अज्ञात महिला के शव होने की सूचना मिली थी जिस पर पुलिस द्वारा तत्काल रवाना होकर घटनास्थल का निरीक्षण कर मौके पर नदी कि रेत में आधे दबे शव जो कि डीकम्पोस्ड हो गया है।

पुलिस द्वारा मौके की कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्डम कराया गया मर्ग जाँच के दौरान आये तथ्यों एवं प्राप्त पोस्टमार्डम रिपोर्ट के आधार पर चौकी टाटरी थाना खटिया में अज्ञात आरोपी के विरूध्द हत्या कर साक्ष्य छुपाने की धाराओं में अपराध क्र.62/2024 धारा 103,238 भा.न्या.सं. का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया मामले के खुलासा एवं अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी व मामले के खुलासे हेतु पुलिस अधीक्षक मण्डला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मण्डला

द्वारा एसडीओपी नैनपुर, थाना प्रभारी खटिया व चौकी प्रभारी टाटरी को निर्देश दिये गये।

विवेचना के दौरान अनुविभागीय अधिकारी नैनपुर के निर्देशन में अलग अलग टीम का गठन कर जिले व जिले से लगे थानों के गुम इंसान की सर्विंग करायी गई विवेचना के दौरान थाना बम्हनी में पंजीबद्ध गुम इंसान के बारे में जानकारी प्राप्त हुई चौकी प्रभारी पुनीत वाजपेयी के द्वारा गुम इंसान के परिजनों से संपर्क किया गया मृतिका के सामान एवं कपड़े जोकी घटनास्थल से प्राप्त हुए थे परिजनों के द्वारा मृतिका की पहचान की गई है उक्त आधार पर विवेचना के दौरान मृतिका के रवि उइके के साथ मृतिका के प्रेम प्रसंग की जानकारी प्राप्त हुई ।

प्राप्त जानकारी व परिजनों के बयानों, तथ्यों व तकनीकी जानकारी के आधार पर संदेही रवि उइके पिता लाल सिंह उइके उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम पौंडी चौकी टाटरी थाना खटिया जिला मण्डला से पूछताछ में आरोपी ने हत्या करने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि मृतिका से उसके साथ जान पहचान हो गई थी और शादी करना चाहती थी किन्तु मैं उससे शादी नहीं करना चाहता था बार बार मृतिका द्वारा फोन पर शादी के लिये दबाव बना रही थी दिनांक 29.09.2024 को मृतिका को आरोपी ने चिरईडोंगरी में मिलने के लिये बुलाया एवं अपने साथ उसे लेकर आ गया दोनों ग्राम टाटरी से 2-3 कि.मी. के आगे बुड़बुड़ी नाले के किनारे बैठकर बाते करने लगे मृतिका द्वारा शादी के लिये जिद करने लगी इसी बातों में हममे विवाद हो गया।

जंगल में बैठकर बात करने का बोलकर जंगल की तरफ ले गया एवं जान से खत्म करने की मंशा बनाई मौका देखकर मैंने मृतिका के गले में डले दुपट्टे से उसका गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी व उसके शव को नाले में गड्ढा कर उसमें रखकर रेत में ढककर वहां से भाग गया था आरोपी को 22.11.2024 को टाटरी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर पुलिस द्वारा आरोपी का पुलिस रिमाण्ड हेतु निवेदन माननीय न्यायालय से की जायेगी जिससे आरोपी द्वारा विस्तृत पूछताछ व मामले से संबंधित अन्य जानकारी प्राप्त की जावेगी ।